(४) यदि ज्यादा वजन हो तो उसका लगेज हो सकता है। लगेज किये हुए सामान को यदि मुसाफिर चाहें तो अपने पास या गार्ड के पास रख सकता है।

तरह माल भेजने में महसूल ज्यादा लगता है
शीघ्र पहुँच जाता है। मालगाड़ी से महसूल
पर अलग लगता है और कम लगता है पर
करके पहुँचता है।

(१६) पार्सल और गुड्स का माल भेजने
महसूल पहिले या पीछे जैसे चाहे वैसे दे
बिगड़नेवाली वस्तुओं का महसूल पहिले ही
माल भेजने वाले को रेल्वे की तरफ़ से रसी
वह रसीद जिस स्टेशन पर माल भेजा है वहाँ
माल मिल सकता है। रसीद गुम जाने से
पर इकरार नामा लिख कर माल ले सकते हैं।

(२७) किसी भी प्रकार का ज्यादा लिया
वापस लेना हो तो ६ माह के अंदर ट्राफ़िक सु
लिखना चाहिये।

(२२) माल यदि गुम गया हो तो उसके
लिखना चाहिये। यदि रेल्वे कंपनी दाम दे
या आनाकानी करे तो कोर्ट में नालिश करना

लगेज और रेल्वे पार्सल का महसू

(२४) २॥ सेर तक फी ५०० मील की दूरी
पर ।=) और अधिक से अधिक दूरी पर १॥)
से अधिक पाँच सेर तक फी० २५० मं
कम अंश पर—।=) व कितनी ही दूर पर
लगेगा। इसके आगे अधिक महसूल के लिये
नकशे से देख लें।

दूरी मीलों में	दस सेर	बीस सेर	तीस सेर	एक मन
मील तक	रु. आ.	रु. आ.	रु. आ.	रु. आ.
२५	० ६	० ६	० ६	० ६
५०	— ६	— ६	— १२	— १२
७५	— ६	— १२	१—१	१—१
१००	— ६	— १२	१—१	—१—७
१२५	— १२	१—१	१—७	—१—१३
१५०	— १२	१—१	१—७	२—२
१७५	— १२	१—७	१—१२	२—८
२००	— १२	१—७	२—२	२—१३
२२५	१—१	१—१३	२—८	३—२
२५०	१—१	१—१३	२—१३	३—९
२७५	१—१	२—२	३—३	३—१५
४५०	१—१	२—२	३—३	४—४
४७५	१—७	२—८	३—१४	४—१०
५००	१—७	२—८	३—१४	४—१५
५२५	१—७	२—१३	४—४	५—५
६००	१—७	२—१३	४—४	५—१०
६२५	१—१३	३—३	४—१५	६—०
६५०	१—१३	३—३	५—१५	६—६
६७५	१—१३	३—९	५—५	६—११
७५०	१—१३	३—९	५—५	७—१
७७५	२—०	३—१४	५—१०	७—७
९००	२—०	३—१४	५—१४	७—१२
९२५	२—३	४—४	६—३	८—२
९५०	२—३	४—४	६—९	८—७
१०५०	२—३	४—७	६—११	८—१३

नोट—विशेष हाल जानने के लिये रेलवे की नियमावली मँगवा कर देखिये।

तरह माल भेजने में महसूल ज्यादा लगता है पर माल बहुत शीघ्र पहुँच जाता है। मालगाड़ी से महसूल अलग २ चीज़ों पर अलग लगता है और कम लगता है पर माल बहुत देर करके पहुँचता है।

(१८) पार्सल और गुड्स का माल भेजने वाला आदमी महसूल पहिले या पीछे जैसे चाहे वैसें दे सकता है। शीघ्र बिगड़नेवाली वस्तुओं का महसूल पहिले ही लिया जाता है। माल भेजने वाले को रेल्वे की तरफ़ से रसीद मिलती है। वह रसीद जिस स्टेशन पर माल भेजा है वहाँ पर बताने से माल मिल सकता है। रसीद गुम जाने से ॥।) के स्टाम्प पर इकरार नामा लिख कर माल ले सकते हैं।

(२७) किसी भी प्रकार का ज्यादा लिया हुआ महसूल वापस लेना हो तो ६ माह के अंदर ट्राफ़िक सुपरिटेन्डेएट को लिखना चाहिये।

(२२) माल यदि गुम गया हो तो उसके लिये रेल्वे को लिखना चाहिये। यदि रेल्वे कंपनी दाम देने में देरी करे या आनाकानी करे तो कोर्ट में नालिश करना चाहिये।

लगेज और रेल्वे पार्सल का महसूल

(२४) २॥ सेर तक फी ५०० मील की दूरी या उससे कम पर।=) और अधिक से अधिक दूरी पर १॥) तथा २॥) सेर से अधिक पाँच सेर तक फी० २५० मील या उससे कम अंश पर—।=) व कितनी ही दूर पर भेजा जाय ३) लगेगा। इसके आगे अधिक महसूल के लिये नीचे लिखे हुए नकशे से देख लें।

पाक शास्त्र

पाक शास्त्र की आवश्यकता

भारतीय गृहिणियों के लिए पाकशास्त्र का ज्ञान आवश्यक ही नहीं अनिवार्य्य है। हमारे घरों में हमारे भोजन का भार हमारी गृहिणियों पर ही रहता है यह व्यवस्था आज ही से से नहीं सनातन काल से चली आती है। पूर्वकाल में बड़ी २ सती स्त्रियाँ अपने पति और कुटुम्बियों को अपने हाथ से भोजन बनाकर खिलाती थीं। वे पाकशास्त्र की कला में पारङ्गत होती थीं, इसीसे उनका बनाया हुआ भोजन, शुद्ध, साफ़, सुन्दर संस्कारों से युक्त और स्वस्थ कर होता था। पर आजकल की कई ललनाएं इस विषय से अपरिचित होती हैं। वे कच्चा, पक्का, वाहियात भोजन बनाकर अपने कुटुम्बियों को खाती हैं, जिस से उनके घर के लोगों का स्वास्थ्य ठीक नहीं रहता। अतएव यह आवश्यक है कि प्रत्येक भारत रमणी इस विषय में पारङ्गतता प्राप्त करे। यदि तरह २ का भोजन बनाना न आवे तो कोई चिन्ता नहीं पर जितना भी भोजन बनाया जाय वह साफ़, पका हुआ, और स्वस्थकर होना चाहिए। इस छोटीसी पुस्तक में इस विषय पर ज्यादा न लिख कर हम कुछ चीजें बनाने की विधि नीचे देते हैं। जिन बहनों को इस विषय में विशेष ज्ञान प्राप्त करने की इच्छा हो वे पाकशास्त्र संबंधी दूसरी पुस्तकें मंगवा कर देखें।

शाक

आलू का शाक—आलुओं को उबाल कर उन्हें छीलना चाहिये। फिर उनके गट्टे करके मसाला मिलाकर घी में छौंक

देना चाहिये कुछ समय के बाद दही की खटाई देकर उतार लेना चाहिये।

भिंडी का साग—भिंडी के पेट को चीर करके उसमें मसाला भर दें और फिर उसे छौंक देना चाहिए। इस साग पर ढकनी नहीं ढकना चाहिये और न पानी ही डालना चाहिये। यदि ऐसा किया तो भिंडी चिकनी हो जायगी।

आमका साग—आम को छिलकर उसके गट्टे कर लें। फिर मसाला मिलाकर जीरा हींग के बघार के साथ छौंक दें। थोड़ी देर के पश्चात् कुछ मसाला और थोड़ीसी शक्कर डालकर उतार लेना चाहिए।

कढ़ी—मट्ठा के साथ बेसन को घोलकर उसमें मसाला मिला दें। फिर बघार देकर उसमें बेसन मिले हुए मट्ठे को छौंक दें। कढ़ी को जितनी आँच ज्यादा दी जायगी उतनी ही कढ़ी अच्छी बनेगी। सुविधानुसार आँच देकर पक जाने पर उतार लें।

रायता—दही का मट्ठा बना कर उसमें मसाला मिलाना चाहिये। फिर यदि मीठा रायता बनाना होतो थोड़ी शक्कर और मिला देना चाहिये। नहीं तो वैसाही रखना चाहिये। फिर उसमें पकौड़ी, दाख आदि जिसका रायता बनाना हो डालकर मेथी हींग का बघार दे देना चाहिये।

नोट—इसी प्रकार और भी साग, रायते आदि बनाना चाहिये इस पुस्तक में स्थाना भाव के कारण हम ज्यादा नहीं लिख सकते।

पकवान

मूंग की दाल का हलवा—मूंग की दाल को गलाकर उसके छिलके हटा दें। फिर उसे पीस लें। जितनी मूंग की दाल लीं

हो उतना ही घी लेकर उसमें धीमी २ आंच से दाल को सेंकना चाहिये। जब लाल हो जाय तब उसमें दाल से ड्योढ़ी चीनी का रस धीरे २ डालें और कलछी से चलाये। रस खतम हो जाने के बाद थोड़ी देर तक और रखकर उतार लें। फिर उसमें मेवा वगैरह डाल दें।

आलू का हलवा—आलुओं को उबाल कर साफ करे और उनका भरता बना लें फिर बराबर घी डालकर उपरोक्त रीति से सेकें। जब आलू पर लाली आजाय तब उसी प्रकार रस डाले और घी छोड़ देने पर हो जाने पर उतार लें। फिर मेवा डाल दें।

हरे चने का हलुवा—चनों को पीस कर उसमें थोड़ा बेसन मिला दें। फिर बराबर घी के साथ खूब सेके जब खुशबू आने लगे तब उपरोक्त रीति से चीनी का रस डाल कर उतार ले फिर मेवा डाल दे।

इसी प्रकार सूजी, शकरकंद, आदि का हलुवा बना सकता है।

आम की बर्फी—२५ बढ़िया आम का रस निकाल लें और फिर उस रस को घी के साथ सेकें जब कीटी बन जाय उतार लें। इस कीटी में मसाला, और खोया मिला दें। फिर १॥ सेर शक्कर की चासनी बनावें। जब चासनी गोटीबन्द आ जाये तब उसमें केशर डालकर उसे उतार लें। ठण्डी हो जाने पर उसमें कीटी मिला कर थालियों में डाल दें। ऊपर से कुछ मसाला और चांदी के बरक लगा दें।

नोट—चासनी को बहुत नहीं घोटना चाहिये नहीं तो कंद नहीं पड़ेगा।

नारियल की बर्फी—नारियल की गरी को कसनी परकस लेना चाहिये। फिर उपरोक्त चासनी की तरह ही चासनी लेकर

दिन काँचनी से कोंच डाले। इसके बाद, अमरूद की पर्त और सोहागे के पानी के साथ अलग २ उबाले। फिर दे तोले मिश्री के साथ पानी में उबालें। डेढ़ तार की चासनी में इन आंवलों को डाल कर पकावें। खूब पक जाने पर छोटी इलायची का चूरा और गुलाब का इत्र छोड़ कर उतार लें।

आम का मुरब्बा—आम छील कर उनके कतले करके काँचनी से कोंच कर चूने के पानी में भिगो दे, दो घंटे के बाद साफ पानी से धो डाले। इसी प्रकार नमक से भी धो डालें फिर एक छटांक मिश्री के पानी के साथ उबाल लें फिर सूखे कपड़े पर रख कर उनका पानी सूख जाने दे। एक तार की चाशनी में फिर इनको डाल कर खूब पकावे, पक जाने पर केशर, इलायची, आदि डाल कर उतार लें।

इसी प्रकार पेठा, केला आदि का भी मुरब्बा बनता है।

सन्तान-पालन

आज कल भारतवर्ष में सन्तान-पालन की ओर बिलकुल ध्यान नहीं दिया जाता। इसी कारण यहाँ के बच्चे हमेशा रोगी, दुबले और कमजोर रहते हैं। तथा भविष्य में भी वे स्वास्थ्य लाभ नहीं कर सकते। उनका पेट तो फूल कर बल हो जाता है और हाथ पांव सूख जाते हैं। इन सब का कारण माता पिता की वेपरवाही है। बच्चा तीन चार महीने का हुआ नहीं कि खाने को अन्न दे दिया जाता है। बच्चे को जहाँ चाहे वहीं लेटा दिया जाता है, न सर्दी की परवाह की जाती है न गर्मी की। ऐसी स्थिति में यदि बच्चे का स्वास्थ्य बिगड़ जाय तो क्या आश्चर्य्य।

हम यहाँ सन्तान-पालन के कुछ नियम लिखते हैं। इन

नियमों के अनुसार चलने से बहुत कुछ लाभ की सम्भावना है।

(१) नव-जात बालक को पहले शहद चटाना चाहिए। उसके बाद मा का दूध पिलाना चाहिए। उसके पश्चात् बालक को धीरे २ गाय का दूध देना चाहिए।

(२) जब लड़का तीन चार मास का हो जाय तब उसको टीका लगाना चाहिए। टीका दिला देने से माता निकलने का डर बहुत कम रहता है।

(३) जब लड़का सात आठ मास का होता है तब उसको दाँत निकलना प्रारम्भ होते हैं। इस समय कई बच्चों को बड़ी तकलीफ होती है। दस्त लगते हैं, बुखार आता है। इत्यादि, ऐसे समय में बच्चों को "ग्राइपवाटर" पिलाना चाहिए।

बालकों की बीमारी का प्रधान कारण उनका भोजन समझना चाहिए। अनियमित आहार या खराब दूध देने से बच्चे बीमार हो जाते हैं। कण्डेन्स-मिल्क या किसी प्रकार का विलायती दूध बच्चों को नियमित रूप से न देना चाहिए। बोतल में रख कर दूध पिलाने की प्रणाली और भी खराब है।

अगर बच्चा दूध पीकर उसे वापस उगलदे तो ऐसी स्थिति में उसे होमियोपैथी की "इथुजा" नामक दवा देना चाहिए।

सर्दी के दिनों में बच्चों को मुलायम ऊनी वस्त्र पहनाना चाहिए, तथा उन्हें मुलायम और ऊंचे बिछौने पर सुलाना चाहिए। क्योंकि बच्चों का चमड़ा बहुत पतला होता है जिससे उन्हें सर्दी बहुत जल्दी लग जाती है।

हमारे देश में बच्चों को छः मास से ही अन्न देना शुरू कर देते हैं। यह बहुत खराब प्रथा है। इससे बच्चों की हाज़मा शक्ति बिगड़ जाती है। जिसमें वे कमजोर हो जाते हैं। जब तक बच्चों के दांत पूरी तौर से न निकल जायँ तब तक अन्न नहीं देना चाहिए। प्रकृति बच्चों को दाँत उसी समय देती है जब उनकी हाजमा शक्ति अन्न पचाने के लायक हो जाती है।

बच्चों की कुछ बीमारियां और उनका इलाज

(१) यदि बच्चों को दस्त कब्ज होती हो तो होमियोपैथिक नक्स भौमिका (6 ×) की तीन खुराक देना चाहिए। अथवा ६ माशे परएडी का तेल दूध में मिला कर देना चाहिए।

(२) यदि बच्चों के पेट में कीड़े या चुन्ने पड़ गये हों तो उसे गरम पानी में केस्ट्रा आइल मिला कर एनीमा देना चाहिए।

(३) अगर बच्चे को डिब्बे की (ब्रॅंकोनिमोनिया) हो तो तुरन्त एकोनाइट और ब्रायोनिया (३० शक्ति) की क्रमशः एक २ खुराक देना चाहिए।

चौथा अध्याय

दर्शनशास्त्र

सांख्य दर्शन

साँख्य दर्शन के स्थापिता "कपिलमुनि" हैं। ये कौन थे, कब हुए और इनके माता पिता कौन थे आदि बातें जानने के लिये कोई ऐतिहासिक आधार नहीं। अतः इस विषय में हम अधिक विवेचन न कर अपने प्रधान विषय की ओर झुकते हैं।

साँख्य दर्शन के अन्तर्गत सृष्टि की उत्पत्ति और विनाश में दो तत्त्व प्रधान माने गये हैं। पहला पुरुष और दूसरा प्रकृति। इनमें से "पुरुष" (आत्मा) अपरिणामी, अचल और अपरिवर्तनशील है। और प्रकृति परिणामी तथा सर्वविदित से हुई है। यह प्रकृति २४ प्रकार की है। यथा—(१) मूल प्रकृति (२) महत्तत्त्व (३) अहंकार (४) पाँच तन्मात्राएँ (रूप, रस, गन्ध, स्पर्श और शब्द) (५) पाँच ज्ञानेन्द्रियाँ (६) पाँच कर्मेन्द्रियाँ (७) मन (८) आकाश (९) वायु (१०) जल (११) अग्नि और (१२) पृथ्वी। इनमें पुरुष मिलाकर सांख्य के कुल २५ तत्त्व माने हैं।

सृष्टि रचना

प्रकृति सत्व, रज और तम इन तीन गुणों से युक्त त्रिगुण
त्मक है। इसकी प्रारम्भिक अवस्थामें येतीनों गुणसाम्यावस्थ
में रहते हैं। यह प्रकृति अज्ञानमयी है। यह अपने स्वाभावि
आकर्षण से लोह चुम्बक की तरह पुरुष को अपनी ओर आक
र्षित करती है। जब उसपर पुरुष का प्रतिबिम्ब पड़ता है त
उसमें एक प्रकार की कम्पन या हरकत उत्पन्न होती है
जिससे इन तीनों गुणों की साम्यावस्था नष्ट हो जाती है। वह
यहीं से सृष्टि का अस्तित्व प्रारम्भ होता है। इस कम्पन से
तव से पहले ज्ञान रूप महत्तत्व (बुद्धि) की उत्पत्ति होती है।
महत्तत्व से अहंकार की उत्पत्ति होती है। यह अहंकार
सात्विक, राजसिक और तामसिक ऐसे तीन प्रकार का होता
। सात्विक अहंकार से पाँच ज्ञानेन्द्रियाँ, पाँच कर्मेन्द्रियाँ,
और एक मन की उत्पत्ति होती है और तामसिक अहंकार से
पाँच तन्मात्राओं की। इन पाँच तन्मात्राओं से पंच महाभूत की
की उत्पत्ति होती है और इन्हीं पंच महाभूतों से स्थूल शरीर
और स्थूल जगत् की उत्पत्ति होती है।

यहाँ यह बात स्मरण रखना चाहिए कि आधुनिक पदार्थ
ज्ञान भी सांख्य ही की तरह किसी तरह की कम्पन या
हरकत ही से सृष्टि की उत्पत्ति मानता है।

सांख्य तीन प्रमाणों को प्रधान मानता है। प्रत्यक्ष, अनु-
मान और आगम। वह इन तीनों ही प्रमाणों से ईश्वर को
असिद्ध मानता है। एक स्थान पर उसने स्पष्ट "ईश्वरासिद्धेः"
(ईश्वर असिद्धे) ईश्वर असिद्ध है ऐसा कह दिया है।
(सांख्य सू० १—९३)

सांख्य दर्शन "सत्कार्य्यवाद" को मानता है, यह कहता है कि न तो असत् वस्तु से सत् की उत्पत्ति हो सकती है और न सत् से असत् की उत्पत्ति होती है सब वस्तुएँ सत् रहती हैं और उन्हीं से सत् की उत्पत्ति होती है। केवल रूप में परिवर्तन होता है। वैशेषिक और न्याय वाले सत् से असत् की उत्पत्ति मानते हैं।

योग दर्शन

योग दर्शन के रचयिता पातञ्जलि मुनि हैं। इसलिये इसको पातञ्जलि दर्शन भी कहते हैं।

योग दर्शन कई बातों में सांख्य दर्शन से मिलता है। यह भी सांख्य ही की तरह २५ तत्वों को मानता है। अन्तर इतना ही है कि कपिल मुनि ने ईश्वर का अस्तित्व नहीं माना है। पर पातञ्जलि उसका अस्तित्व मानते हैं। उन्होंने ईश्वर को छब्बीसवाँ तत्व माना है और कहा है कि "जगदीश्वर अपनी इच्छा के अनुसार शरीर धारण करके जगत् की रचना करते हैं।" इसी कारण कपिल दर्शन को निरीश्वर सांख्य और पातञ्जलि दर्शन को सेश्वर सांख्य भी कहते हैं।

पातञ्जलि कहते हैं कि चित्त की वृत्तियाँ भिन्न २ प्रकार की होती हैं। उन सब वृत्तियों के भिन्न भिन्न विषय निर्धारित हैं। जैसे देखने का विषय रूप और सुनने का शब्द है। अन्तःकरण को इन सब विषयों से दूर करके परमेश्वरादि ध्येय वस्तुओं में स्थापन करके एकाग्र हो जाने ही को योग कहते हैं। (योगश्चित्त वृत्ति निरोधः) इस योग के यम, नियम, प्राणायाम आदि आठ अङ्ग हैं।

पातञ्जलि के मत से तत्वज्ञान ही मोक्ष का मूल कारण

है। पुरुष अर्थात् आत्मा जड़ जगत् से बिलकुल भिन्न है। मनुष्य अज्ञान के कारण संसार में प्रवृत्त होकर "मैं सुखी हूँ" "मैं दुखी हूँ" "मैं कर्ता हूँ" आदि बातें सोचता है। तत्व ज्ञान इसी भ्रम के परदे को दूर करता है। जिससे मनुष्य इन सब बातों से परे होकर योग के द्वारा कैवल्य को प्राप्त कर अपने असली चिदानन्द स्वरूप में लीन हो जाता है। इस दर्शन में "योग" का बड़ा ही विशद विवेचन है।

वैशेषिक दर्शन

इस दर्शन के रचयिता महर्षि कणाद "परमाणुवाद" के प्रचारक थे। जिस प्रकार कपिल ने सृष्टि का मूल कारण प्रकृति और पुरुष को माना है। उसी प्रकार इन्होंने "परमाणु" को सृष्टि का मूल कारण माना है। कणाद कहते हैं कि परमाणु नित्य और अनादि हैं। सृष्टि के पूर्व ये अपनी अव्यक्तावस्था में रहते हैं। किसी अदृष्ट कारण विशेष से इनके अन्तर्गत एक प्रकार की कम्पन या गति उत्पन्न होती है। जिससे एक परमाणु दूसरे परमाणु की ओर आकर्षित होता है। और ये परमाणु आपस में मिलने लगते हैं। दो परमाणु मिलकर एक द्वयणुक और तीन द्वयणुक मिलकर एक त्रसरेणु बनता है। इसी प्रकार मिलते मिलते पृथ्वी के परमाणु पृथ्वी रूप में, जल के जल रूप में, अग्नि के अग्नि रूप में और वायु के वायु रूप में आ जाते हैं। इसी प्रकार होते होते समय पाकर इस सृष्टि की रचना होती है।

कणाद सृष्टि की उत्पत्ति के मूल तत्व छः मानते हैं (१) द्रव्य (२) गुण (३ कर्म (४) सामान्य (५) विशेष और (६) समवाय। विशेष नामक पदार्थ को मानने ही के कारण इनके दर्शन का

नाम वैशेषिक पड़ा है। इनमें से द्रव्य के नौ, गुण के चौबीस, कर्म के पांच और सामान्य के दो भेद माने हैं। आत्मा और चित्त भी द्रव्य के नौ भेदों में माने गये हैं।

महर्षि कणाद का यह परमाणुवाद विज्ञान की उन्नति के साथ ही साथ अधिकाधिक माननीय होता जा रहा है। जिस प्रकार भारतवर्ष में इस वाद के जन्मदाता "महर्षि कणाद" समझे जाते हैं उसी प्रकार यूरोप के अन्तर्गत यूनानी तत्ववेत्ता "डिमाक्रिटस" इस वाद का जन्मदाता समझा जाता है। आधुनिक काल में इस मत का प्रधान पुरस्कर्त्ता "डेल्टन" समझा जाता है।

न्यायदर्शन

इस दर्शन के कर्ता महर्षि गौतम हैं। इनका एक नाम "अक्षपाद" भी है।

न्याय दर्शन का मुख्य विषय न्याय अथवा तर्कशास्त्र है। भारतवर्ष में शायद सब से पहिले इन्हीं महर्षि ने तर्कशास्त्र को इतना विस्तृत कर दिया। यूरोप में इस वाद का जन्मदाता अरिस्टोटल कहलाता है। पर उसके तर्कशास्त्र को देखने से मालूम होता है कि यह गौतम के तर्क ही का सुधरा हुआ रूप है।

न्याय दर्शन भी वैशेषिक ही की तरह " परमाणुवाद " का मानने वाला है। वैशेषिक दर्शन में माने हुए पदार्थों के अतिरिक्त न्याय दर्शन में प्रमाण, प्रमेय, सिद्धान्त आदि सोलह पदार्थ और माने हैं।

प्रमाण

जिसके योग से किसी विषय का निर्णय किया जा सकता है उसे प्रमाण कहते हैं। वैशेषिक दर्शन में प्रत्यक्ष और अनु-

माण होते। प्रमाण माने हैं पर न्याय दर्शन
शब्द मिलाकर कुल चार प्रमाण माने हैं।
चारों प्रमाणों में बलवान् प्रत्यक्ष और अनु
अनुमान प्रकट न्याय दर्शन का सब से बड़ा
पर इसमें जो गहन चर्चा की गई है उससे
गौरव वृद्धि हुई है।

अनुमान का लक्षण बतलाते हुए इसमें
को देखकर कारण का निरूपण करना इसे अ
इसके पांच अङ्ग हैं। प्रतिज्ञा, हेतु, उदाहरण
निगमन। प्रतिज्ञा—"पर्वत पर आग है। हेतु
धुआँ निकल रहा है, उदाहरण-जहाँ से धुआँ
आग होती है जैसे रसोई घर, उपनय इस पर्व
निकलता है, निगमन इस लिए इस पर्वत पर
प्रकार हर एक बात को न्याय दर्शन गम्भीर त
सिद्ध करके पश्चात् ग्रहण करता है।

प्रमाण से जिस विषय का निश्चित ज्ञान होता
दर्शन प्रमेय कहता है। आत्मा, शरीर, इन्द्रिय,
मन, प्रवृत्ति, दोष, प्रेत्यभाव (बारम्बार मरणोत्प
दुःख और अपवर्ग, ये सब प्रमेय हैं। अनिश्चि
निश्चित करने को सिद्धान्त कहते हैं। इसी प्रकार
जन, दृष्टान्त, वाद, वितण्डा, छल आदि तेरह
विचार के अङ्ग बतलाये हैं।

यहाँ यह बात स्मरण रखना चाहिए कि गौतम
प्रमेयों के अन्तर्गत "ईश्वर" का नाम नहीं लिया है
भविष्य के टीकाकारों ने निर्माण कर्त्ता रूप में ईश्वर
है तथापि गौतम ने इस विषय में बिलकुल विवेचन नहीं

में, उपमान औ
पर उसने भी
मान हों को मा
माण है। अनुमा
स दर्शन की बु

कहा है कि कार
नुमान कहते हैं
, उपनय औ
क्योंकि यहां
निकलता है वह
त पर से धुआ
माग है। इस
है प्रणाली से

है उसे न्याय
विषय, बुद्धि,
त्ति) फल,
त विषय के
न्देह, प्रयो-
दार्थों को

ने बारह
। यद्यपि
को माना
ी किया

है। यदि ईश्वर को यह प्रमाण सिद्ध मानते तो अवश्य प्रमेयों में उसका नाम दिया जाता। इसी प्रकार का गोल माल कणाद के मूल सूत्र में भी पाया जाता है। इस गोल माल का कारण क्या है कुछ समझ में नहीं आता। क्या ये लोग अनीश्वर वादी थे?

मीमांसा दर्शन

यह दर्शन महर्षि "जैमिनी" का रचा हुआ है इस लिये इसे "मीमांसा दर्शन" भी कहते हैं। श्रुति विशेष का अर्थ समर्थन करना तथा वेद और स्मृति के बीच में जहाँ कहीं अर्थ विरोध हो उसका तर्क के द्वारा सामञ्जस्य उत्पन्न करना इस दर्शन का उद्देश्य है।

इस दर्शन में कर्म काण्ड का विषय, श्रुति सविशेष चर्चा, विचार तथा सिद्धान्त निश्चित किये हैं। कर्म काण्ड का विशेष विवेचन होने से इसे कर्म मीमांसा भी कहते हैं। इसके मत से स्वर्ग लाभ ही मनुष्य का परम पुरुषार्थ है। वेदोक्त यज्ञ यागादि करने से यह (स्वर्ग) प्राप्त होता है। यह दर्शन वेदों को नित्य मानता है।

वेदान्त दर्शन

इस दर्शन के रचयिता महर्षि व्यास हैं। पर इस पर सब से गम्भीर प्रकाश स्वामी शङ्कराचार्य्य ने डाला है इस लिए कितने ही लोग शङ्कर ही को वेदान्त रचयिता मानते हैं। इस दर्शन को ब्रह्म मीमांसा भी कहते हैं।

वेदान्त के मत से, जिससे जगत् की उत्पत्ति स्थिति और प्रलय होता है उसी को ब्रह्म कहते हैं। यह ब्रह्म सत्य स्वरूप, ज्ञान स्वरूप, और अनन्त स्वरूप है। वह अनिर्वचनीय है। उसके

सिवाय दूसरी सब चीजें मिथ्या अथवा भ्रम स्वरूप है (ए
ब्रह्म द्वितीयो नास्ति) जिस प्रकार रात में रस्सी को देखने
उसमें सांप का भ्रम हो जाता है उसी प्रकार अज्ञान के का
मनुष्य को जगत् का भ्रम हो जाता है।

इस मत को मायावाद कहते हैं। माया परब्रह्म की श
स्वरूप है। उसके मायावच्छिन्न होने ही से जगत् की उत्प
होती है। जिस प्रकार किसी झाड़ के नीचे खड़े होकर झाड़
को देखने से वह पूर्ण होने पर भी छिन्न भिन्न नज़र आ
है उसी प्रकार ब्रह्म निर्विकार होने पर भी माया के कार
छिन्न भिन्न नज़र आता है पर वास्तव में वह अविच्छिन्न है

वेदान्त के मत में परब्रह्म निर्गुण, निराकार, निर्वि
और चिन्मय स्वरूप है। जगत् ही जब भ्रममय है तो व
जगत् कर्त्ता की तरह नहीं गिना जा सकता। जब संसार
सृष्टि ही मिथ्या है तो उसका कर्त्ता कैसे सम्भव हो सक
है। इसलिए वह अकर्त्ता, अरूप, अस्थूल, सूक्ष्म, अदीर्घ
अह्रस्व, निर्गुण, निर्विशेष, और मन वचन से अगोचर है।

जीव वास्तविक परब्रह्म के सिवाय और कुछ नहीं है।
इस ज्ञान को प्राप्त कर आनन्द लाभ करना ही इस दर्शन का
उद्देश्य है। "अयमात्माब्रह्म" अर्थात् जीव ब्रह्म है। "अहं
ब्रह्मास्मि" मैं ब्रह्म हूँ, "तत्वमसि" तुम ब्रह्म हो इत्यादि वाक्यों
को महावाक्य कहा गया है। इन महा वाक्यों का अर्थ समझ
कर जीव और ब्रह्म को अभिन्न समझने ही को तत्वज्ञान कहते
हैं। इस ज्ञान के उत्पन्न हुए पश्चात् जीव और ब्रह्म में भेद नहीं
रहता "अहं ब्रह्मास्मि", अर्थात् "मैं ही ब्रह्म हूँ" इस प्रकार का
दृढ़ निश्चय करके केवल चैतन्य स्वरूप ब्रह्म में ही स्फूर्ति रहना
चाहिए ऐसी अवस्था होने ही से मुक्ति मिलती है।

जैन दर्शन

जैन दर्शन के अन्तर्गत द्रव्य दो प्रकार के माने गये हैं। जीव और अजीव। अजीव द्रव्य पाँच प्रकार का होता है पुद्गल (Matter) धर्म (Medium of Motion) अधर्म (Medium of rest) काल (Time) और आकाश (Space) इनमें से पुद्गल मूर्तिक और शेष सब अमूर्तिक हैं।

जीव और पुद्गल इन दोनों द्रव्यों के अन्तर्गत "वैभाविक शक्ति" नामक एक विशेष गुण होता है। जिसके प्रभाव से इन दोनों में एक प्रकार का अशुद्ध परिणमन होता है इसी परिणमन को बन्धन कहते हैं। यह बन्धन ही संसार है और इससे मुक्त होना ही मोक्ष है।

इन सब बातों को जैन दर्शन में सात विभागों में विभक्त कर दी है। (१) जीव (२) अजीव (३) आश्रय (पुद्गल के साथ जीव के सम्बन्ध होने का कारण) (४) बन्ध। (जीव के साथ पुद्गल का मिल जाना) (५) संवर (उन कारणों को रोकने का प्रधान) (६) निर्जरा (उन बन्धनों को तोड़ने का उपाय) (७) मोक्ष (उन सब बन्धनों से आज़ाद हो जाना)। ये ही सात तत्त्व कहलाते हैं। इन्हीं से जीव की शुद्ध और अशुद्ध दशा का बोध होता है।

जीव और पुद्गल का सम्बन्ध उसकी शुभाशुभ परिणति के अनुसार होता है। यह परिणति तीन प्रकार की होती है। शुभ, अशुभ और वैराग्य रूप। शुभ परिणति से पुण्य परमाणुओं का बन्धन होता है, अशुभ से पाप परमाणुओं का बन्धन होता है और वैराग्य रूप परिणति से सच्चिदानन्द अवस्था का आविर्भाव होता है।

जैन दर्शन में इन पुद्गल परमाणुओं को कर्म कहा है। ये आठ प्रकार के होते हैं। ज्ञानावरणीय (ज्ञानशक्ति को ढकने वाले) दर्शनावरणीय (दर्शनशक्ति को ढकने वाले) मोहनीय, अन्तराय, वेदनीय, आयु, नाम और गोत्र। इन आठ कर्मों के उत्तर भेद १४८ हैं।

तत्वज्ञान के अध्ययन से और शुद्ध तपस्या से ये कर्म नष्ट होते हैं। इन कर्मों से छुटकारा पाने ही को मोक्ष कहते हैं।

जैन दर्शन में आत्मा की चौदह स्थितियाँ बतलाई हैं जिनको गुण स्थान कहते हैं। यह वर्णन बहुत ही गम्भीर और पढ़ने योग्य है।

जैन दर्शन सृष्टि को अनादि और अनन्त मानता है। यह ईश्वर को सृष्टिकर्त्ता नहीं मानता। यह सिद्धान्त उसका बहुत ही दृढ़ और प्रमाण पूर्ण है। यह प्रत्येक वस्तु को द्रव्य रूप से नित्य और पर्याय रूप से अनित्य मानता है।

जैनियों का न्याय (Logic) भी बहुत प्रबल है। उसकी स्याद्वादफिलासफी, सप्तभंगीन्याय, तथा अनेकान्त दर्शन बड़ा ही गम्भीर और तर्क पूर्ण है। जैन न्याय की बड़े २ पाश्चात्य विद्वानों ने खूब तारीफ की है, डाक्टर थामस का कथन है कि—"न्यायशास्त्र में जैन न्याय का स्थान बहुत ऊँचा है इसके कितने ही तर्क पाश्चात्य तर्कशास्त्र के नियमों से बिलकुल मिलते हुए हैं स्याद्वाद का सिद्धान्त बड़ा ही गम्भीर है। यह वस्तु की भिन्न २ स्थितियों पर अच्छा प्रकाश डालता है।"⊗

बौद्धदर्शन

बौद्धदर्शन का असली स्वरूप मिलना आज कल बहुत कठिन हो गया है। इसका कारण यह है कि भगवान् बुद्ध के पश्चात् उनके अनुयायियों में घोर मत भेद हो गया। जिससे स्वार्थी लोगों ने मनमाने तत्त्व जोड़ दिये। इस धाँगा धींगी के कारण असली बौद्धमत को पहचानना भी कठिन हो गया। कोई उसे शून्यवादी कहते हैं, कोई क्षणिकवादी और कोई अनात्मवादी। मगर वास्तव में वह क्या है यह कोई नहीं कह सकता। आज कल इसमें चार फ़िरके प्रधान हैं। (१) माध्यमिक (२) योगाचार (३) सौत्रान्तिक और (४) वैभाषिक। माध्यमिक कहते हैं कि सब शून्य है। जो वस्तु स्वप्नावस्था में नज़र आती है वह जागृतावस्था में नज़र नहीं आती ौर जो जागृतावस्था में दृष्टिगोचर होती है वह स्वप्नावस्था में हीं होती। इससे मालूम होता है कि कोई भी वस्तु सत्य हीं है।

योगाचार के मतानुसार केवल क्षणिक विज्ञान रूप आत्मा ी सत्य है शेष सब असत्य है। यह ज्ञान दो प्रकार का है प्रवृत्ति विज्ञान और आलय विज्ञान। जागृत और सुप्तो अवस्था में जो ज्ञान होता है उसे प्रवृत्ति विज्ञान कहते हैं और सुषुप्ति दशा में जो ज्ञान होता है उसे आलयविज्ञान कहते हैं। यह ज्ञान केवल आत्मा ही पर अवलम्बित है।

सौत्रान्तिक बाहर की वस्तुओं को सत्य और अनुमान सिद्ध कहते हैं। वैभाषिकों के मत में बाहर की वस्तुएं प्रत्यक्ष सिद्ध हैं।

बौद्धदर्शन में चार आर्य्य सत्य माने हैं दुःख, समुदय, मार्ग और निरोध। दुख के मूल कारण पांच स्कन्ध हैं।

विज्ञानस्कन्ध, वेदनास्कन्ध, संज्ञास्कन्ध, संस्कारस्कन्ध और रूपस्कन्ध। जिस से काम, क्रोध, राग, द्वेष, मोह आदि दूषणों के समुदाय का प्रादुर्भाव होता है उसे समुदय कहते हैं। "ये सब प्रकार के संस्कार क्षणिक हैं" इस प्रकार की जो भावना उदय होती है उसे "मार्ग" कहते हैं यह मार्ग आठ प्रकार का होता है इसलिए इसे अष्टाङ्गमार्ग कहते हैं। यही मार्ग मोक्षदाता है "वासना विषयक चित्त संतति" का जिससे निरोध होता है उसे "निरोध" तत्त्व कहते हैं।

इन चार आर्य्य सत्यों का वास्तविक ज्ञान ही तत्त्वज्ञान है। शुद्धचरित्र और शुद्धयोग के साथ इनका मनन करने से मोक्ष प्राप्ति होती है।

चार्वाकदर्शन

चार्वाकदर्शन नास्तिक दर्शन है। इसके मूल आचार्य्य "बृहस्पति" नामक कोई ऋषि हो गये हैं। इनके किसी भी मूल ग्रन्थ का अभी तक पता नहीं लगता। केवल कुछ फुटकर सामग्री का पता लगता है।

चार्वाक के मत से आत्मा, ईश्वर, पाप, पुण्य, पुनर्जन्म आदि कुछ भी नहीं हैं। यह सब बातें पाखण्डियों की रची हुई निराधार कल्पनाएं हैं। प्रत्यक्ष प्रमाण ही सत्य है। शेष सब झूठे हैं। पृथ्वी, जल, वायु और अग्नि तत्त्व के मिलने से मनुष्य शरीर बनता है और जिस प्रकार शराब के कई तत्त्वों के मिलने से उनमें मादकता आ जाती है, उसी प्रकार इन चारों तत्त्वों के मेल से चेतनशक्ति का प्रादुर्भाव हो जाता है। जब मनुष्य मरता है तब पृथ्वी पृथ्वी में,
वायु में और जल जल में समा जाता है
रहता।

यह कहता है—

यावज्जीवेत् सुखं जीवेत् ऋणं कृत्वा घृतं पीवेत्।
भस्मीभूतस्य देहस्य पुनरा गमनं कुतः।

अर्थात्—जहाँ तक जीवे वहाँ तक सुख से जीवे, ऋण करके भी घी पिये। राख हुए पश्चात् वापस फिर से जन्म नहीं होगा। फिर कहते हैं—

त्रयोवेदस्य कर्त्तारो भण्डधूर्त, निशाचराः।
जर्फरी तुर्फरी त्यादि पण्डितानां वचः स्मृतम् ॥

अर्थात्—तीनों वेद के बनाने वाले धूर्त्त, भण्ड और निशाचर हैं। जर्फरी, तुर्फरी इत्यादि पण्डितों के वचन जान पड़ते हैं इत्यादि। इसी मत को मानने वाले आज से ढाई हजार वर्ष पूर्व "पूरण काश्यप" और "अजितकेशकम्बलि" भी हुए हैं।

पाश्चात्य दर्शन

कैण्ट—प्रसिद्ध फेञ्च दार्शनिक कैण्ट का कथन है कि "मनुष्य विवश है कि प्रकृति, जीव और परमात्मा में विश्वास करे। परन्तु ये पदार्थ बुद्धि के विषय नहीं हैं। इस लिए इन्हें बुद्धि द्वारा नहीं जान सकते। व्यवहारिक बुद्धि की परीक्षा करते हुए वह कहता है कि इन पदार्थों की जानकारी के लिए हमें इति (इच्छा) की शरण लेना चाहिए। कैण्ट का सिद्धान्त है कि आत्मिक शक्तियों में बुद्धि नहीं किन्तु इति प्रधान है। और यही समस्त शक्तियों का आधार है।

हर्बर्ट स्पेन्सर—प्रसिद्ध अज्ञेयवादी हर्बर्ट स्पेन्सर आत्मा और परमात्मा यहाँ तक कि विज्ञान के मूल कारण को भी मनुष्य के . बतलाता है। स्पेन्सर के मतानुसार

ईश्वर और आत्मा का अस्तित्व है या नहीं यह बात मनुष्य के ज्ञान से अतीत है।

हक्सले—यह नास्तिक वाद का समर्थक है इसके मतानुसार ईश्वर, आत्मा वगैरह कुछ भी नहीं है। आत्मा कलल रस से बनती है यह एक चिपचिपा और दानेदार पदार्थ है। यह चार प्रकार के पदार्थों के संयोग से बनता है।

(१) कार्बन (२) हाइड्रोजन (३) ऑक्सिजन और (४) नाइट्रोजन पर अभी तक इस बात का पता नहीं चला है कि ये चारों पदार्थ कितनी २ मात्रा में मिलाने से "कललरस" बनता है। इस प्रकार नास्तिकवाद का समर्थन करके भी ये अपने विषय को पूर्ण नहीं कर सके हैं। इसी मत का मानने वाला प्रसिद्ध तत्व ज्ञानी हैकल भी है।

व्यूटे—यह तत्व ज्ञानी जर्मनी के अन्तर्गत हुआ है। इस तत्व वेत्ता ने सृष्टि के प्राथमिक स्वरूप का अध्ययन करने के पश्चात् भौतिकवाद का पूरा समर्थन किया था। इसने निर्द्वन्द होकर कहा था कि प्रत्यक्ष अनुभव के सिवा कोई भी बात ग्रहण करना मूर्खता है। पर जब उसका ज्ञान अधिक विकसित हुआ और मन, बुद्धि और प्राण की क्रियाओं का उसे अनुभव होने लगा तब उसे अपने सिद्धान्त पर सन्देह होने लगा। उसने इस प्रश्न को भौतिक शास्त्र के द्वारा हल करने का तीस वर्ष तक प्रयत्न किया। पर जब कुछ भी समाधान न हो सका तब उसने भौतिक शास्त्र का अपूर्णत्व स्वीकार किया और अपने पूर्व सिद्धान्तों को पूर्वावस्था में किया हुआ पाप ठहराया। उसने कहा कि जगत् के इसके कारण में कुछ अङ्ग ऐसा भी है जो अतीन्द्रिय है। और जिसके जानने में भौतिक शास्त्र बिलकुल असमर्थ है।

सर ओलिव्हर लॉज —प्रसिद्ध तत्व ज्ञानी ओलिव्हर लॉज भी पहले अनात्मवादी थे। लेकिन दीर्घ अध्ययन पश्चात् उन्होंने भी यही बात कही—

But it is so be suppased that the complex aggregate of atoms generated the liks and mlod in the protoplasm. Thal is the socalleb mastrl alistic view bu to me it scems an erroncous one and it is cretainly one that is not proven.

Sir Ollver Lodge's
Life and Matter.

अर्थात् भौतिक शास्त्र वादियों का यह कथन है कि केवल अनेक परमाणुओं के संयोग ही से प्राण उत्पन्न होते हैं। पर मेरी बुद्धि इस मत को भ्रम पूर्ण मानती है। प्रयोग करने पर यह बात (प्राणोत्पत्ति) असाध्य ठहर चुकी है।

पाँचवा अध्याय

भूगोल।

रात्रि में चमकते हुए असंख्य तारागणों को, छि को हुई
चान्दनी को, और दिन में उदित सूर्य्य को देख कर किसका
हृदय आनन्द से प्रफुल्लित नहीं हो जाता। प्रकृति ने ह म लोगों
के लिए कितनी सुन्दर देनें रक्खी हैं।

इनको देख कर जहाँ हमें आनन्द होता है वहाँ आश्चर्य
भी होता है। ये सब क्या हैं? यहाँ से कितनी दूर हैं? सब
बातें जानने की हमारी स्वाभाविक उत्कण्ठा होती है। भूगोल
हमारी इसी उत्कण्ठा को पूर्ण करता है।

भूगोल के मत से यह सारी पृथ्वी अण्डे की तरह गो ल है।
इसके गोल सिद्ध करने के कई दृढ़ प्रमाण भी हैं। पृथ्व ी की
भाँति चन्द्रमा भी एक गोला है। इसका व्यास २१५२ मील
है। हमारी पृथ्वी से यह २४०००० मील दूर है। पृथ्वी का
गोला घूमता हुआ सूर्य्य की परिक्रमा करता है और चन द्रमा
का गोला पृथ्वी की परिक्रमा करता है। यदि पृथ्वी स्थिर
होती तो चन्द्रमा को अपने एक भ्रमण में २७ दिन ८ घ ण्टे
लगते पर चूंकि पृथ्वी भी चलती है इसलिए चन्द्रमा को
उसके भ्रमण में २९½ दिन के लगभग लग जाते हैं। इसी को
हिन्दू १ मास कहते हैं।

ग्रहण

यह हम पहले लिख आये हैं कि चन्द्रमा पृथ्वी की और पृथ्वी सूर्य की परिक्रमा करती है। इस परिक्रमा में कभी २ ऐसी दशा हो जाती है किः—

(१) सूर्य्य और चन्द्रमा के बीच में पृथ्वी आ जाती है- अथवा।

(२) पृथ्वी और सूर्य्य के बीच में चन्द्रमा आ जाता है।

पहली दशा में चन्द्रग्रहण और दूसरी स्थिति में सूर्य्य ग्रहण होता है।

ज्वार भाटा

ज्वार भाटे का मूल कारण चन्द्रमा है और थोड़ासा दखल सूर्य्य का भी है।

"ज्वार" और भाटा ये दो अलग २ शब्द हैं। समुद्र में असाधारण पानी के चढ़ाव को ज्वार और उतार को भाटा कहते हैं। प्रत्येक दिन रात में समुद्र में दो बार ज्वार और भाटा आता है। पूर्णिमा और अमावस्या के दिन इसका बड़ा जोर रहता है। ज्यों २ यह तिथियाँ दूर होती हैं त्यों २ ज्वार भाटे का जोर कम होता है।

इस ज्वार भाटे का मूल कारण आकर्षण शक्ति है। सूर्य्य पृथ्वी से बहुत दूर है अतएव उसका आकर्षण पृथ्वी पर बहुत कम असर करता है। पर चन्द्रमा नजदीक होने से उस का आकर्षण बहुत अधिक असर करता है। पृथ्वी के परमाणु तो चिपके हुए रहते हैं अतः वे तो उधर को जा नहीं सकते। पर जल के परमाणु अलग होने से आकर्षण शक्ति के प्रभाव से दौड़ते हैं। बस यही ज्वार है और इसके उतार ही को भाटा कहते हैं।

ब्रह्मपुत्र—मान सरोवर से निकल कर, आसाम, बंगाल आदि प्रान्तों में बहती हुई बंगाल की खाड़ी में गिरती है।

नर्मदा—अमर कंटक पर्वत से निकल कर अरब समुद्र में गिरती है।

ताप्ती—सतपुड़ा से निकल कर अरब समुद्र में गिरती है।

गोदावरी—पश्चिमी घाट से निकल कर बंगाल की खाड़ी में गिरती है।

कृष्णा—गोदावरी की सहायक नदी है।

चम्बल—हसलपुर (इन्दौर) के पास से निकल कर यमुना गिरती है।

सतलज, व्यास, रावी, चिनाव, और झेलम पञ्जाब में, वेतवा, काली सिंध मध्यभारत में, घाघरा, गोमती, रामगङ्गा, राप्ती, सोन, केन, काली नदी आदि संयुक्त प्रदेश में, महानदी, कावेरी दक्षिण में और ईरावती ब्रह्मा में हैं।

झील—मान सरोवर हिमालय में, उलर उत्तर काश्मीर में, सांभर राजपूताने में, पुलकिट कर्नाटक में, चिल्का उड़िसा में, कालर उत्तरी अर्काट में और लुनार बरार में है।

आबहवा—आबहवा के लिहाज से यह देश गर्म देशों में गिना जाता है। पर यहाँ पर हर प्रकार की आबहवा पाई जाती है। पर्वतों पर सर्द, नदियों के किनारे गर्म, और समुद्र के नजदीक मातदिल आबहवा है।

मुख्य पैदावारी—चावल, गेहूँ, जौ, गन्ना, तिल, रुई, सन, चाय, अफीम, सिनकोना, नील, रेशम, लौंग, इलायची, काली मिर्च, आदि यहाँ की पैदावार है। साग और फल भी यहाँ बहुतायत से होते हैं।

खनिज पदार्थ—हीरा, सोना, टीन, लोहा, कोयला, मैंगनीज,

विषय का विस्तृत विवेचन किसी भौगोलिक ग्रन्थ
चाहिए। इस छोटीसी पुस्तक में इसका अधिक
हीं किया जा सकता।

हिन्दुस्थान की सीमा

—हिमालय पर्वत की श्रेणी है जो भारतवर्ष को
तिन) से अलग करती है।
—चीन का कुछ हिस्सा और बङ्गाल की खाड़ी है।
—हिन्द महासागर है।
—हिन्दुकुश पर्वत, अरबसमुद्र सुलेमान पहाड़
िस्थान है।

विस्तार

का विस्तार काश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक
ौर चौड़ाई बिलुचीस्थान से लेकर पूर्वी बर्मा
इसका क्षेत्रफल १८ लाख २ हज़ार मील के

हिन्दुस्थान की बड़ी २ नदियां

हिमालय पर्वत से निकल कर, तिब्बत, काश्मीर
तों में बहती हुई अरब समुद्र में गिरती है।
८०० मील है। यह सब से बड़ी नदी है।
मालय के गङ्गोत्री नामक स्थान से निकल
बिहार आदि प्रान्तों में बहती हुई बङ्गाल की
। इसकी लम्बाई १५२० मील है। यह नदी
अत्यन्त पवित्र समझी जाती है।
त्री (हिमालय) से निकल कर
में शामिल हो जाती है।

ब्रह्मपुत्र—मान सरोवर से निकल कर, आसाम, बंगाल आदि प्रान्तों में बहती हुई बंगाल की खाड़ी में गिरती है।

नर्मदा—अमर कंटक पर्वत से निकल कर अरब समुद्र में गिरती है।

ताप्ती—सतपुड़ा से निकल कर अरब समुद्र में गिरती है।

गोदावरी—पश्चिमी घाट से निकल कर बंगाल की खाड़ी में गिरती है।

कृष्णा—गोदावरी की सहायक नदी है।

चम्बल—हसलपुर (इन्दौर) के पास से निकल कर यमुना गिरती है।

सतलज, व्यास, रावी, चिनाव, और झेलम पञ्जाब में, बेतवा, काली सिंध मध्यभारत में, घाघरा, गोमती, रामगङ्गा, राप्ती, सोन, केन, काली नदी आदि संयुक्त प्रदेश में, महानदी, कावेरी दक्षिण में और इरावती ब्रह्मा में हैं।

झील—मान सरोवर हिमालय में, उलर उत्तर काश्मीर में, सांभर राजपूताने में, पुलकिट कर्नाटक में, चिल्का उड़िसा में, कालर उत्तरी अर्काट में और लुनार बरार में है।

आबहवा—आबहवा के लिहाज से यह देश गर्म देशों में गिना आता है। पर यहाँ पर हर प्रकार की आबहवा पाई जाती है। पर्वतों पर सर्द, नदियों के किनारे गर्म, और समुद्र के नजदीक मातदिल आबहवा है।

मुख्य पैदावारी—चावल, गेहूँ, जौ, गन्ना, तिल, रुई, सन, चाय, अफीम, सिनकोना, नील, रेशम, लौंग, इलायची, काली मिर्च, आदि यहाँ की पैदावार है। साग और फल भी यहाँ बहुतायत से होते हैं।

खनिज पदार्थ—हीरा, सोना, टीन, लोहा, कोयला, मैंगनीज,

इस विषय का विस्तृत विवेचन किसी भौगोलिक ग्र में देखना चाहिए। इस छोटीसी पुस्तक में इसका अधि विवेचन नहीं किया जा सकता।

हिन्दुस्थान की सीमा

उत्तर में—हिमालय पर्वत की श्रेणी है जो भारतवर्ष व तिब्बत (चीन) से अलग करती है।

पूर्व में—चीन का कुछ हिस्सा और बङ्गाल की खाड़ी है।

दक्षिण में—हिन्द महासागर है।

पश्चिम में—हिन्दुकुश पर्वत, अरबसमुद्र सुलेमान पहाड़ और बिलोचीस्थान है।

विस्तार

इस देश का विस्तार काश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक २.०० मील और चौड़ाई बिलुचीस्थान से लेकर पूर्वी वर्मा तक २५०० है। इसका क्षेत्रफल १८ लाख २ हज़ार मील के करीब है।

हिन्दुस्थान की बड़ी २ नदियां

सिंध नदी—हिमालय पर्वत से निकल कर, तिब्बत, काश्मीर पञ्जाब आदि प्रान्तों में बहती हुई अरब समुद्र में गिरती है। इसकी लम्बाई १८०० मील है। यह सब से बड़ी नदी है।

गङ्गा नदी—हिमालय के गङ्गोत्री नामक स्थान से निकल कर, संयुक्त देश, बिहार आदि प्रान्तों में बहती हुई बङ्गाल की खाड़ी में गिरती है। इसकी लम्बाई १५२० मील है। यह नदी हिंदुओं की परम पूजनीय समझी जाती है।

यमुना नदी—यम्नोत्री (हिमालय) से निकल कर अलाहा बाद के पास गङ्गा में शामिल हो जाती है।

ब्रह्मपुत्र—मान सरोवर से निकल कर, आसाम, बंगाल आदि प्रान्तों में बहती हुई बंगाल की खाड़ी में गिरती है।

नर्मदा—अमर कंटक पर्वत से निकल कर अरब समुद्र में गिरती है।

ताप्ती—सतपुड़ा से निकल कर अरब समुद्र में गिरती है।

गोदावरी—पश्चिमी घाट से निकल कर बंगाल की खाड़ी में गिरती है।

कृष्णा—गोदावरी की सहायक नदी है।

चम्बल—इसलपुर (इन्दौर) के पास से निकल कर यमुना गिरती है।

सतलज, व्यास, रावी, चिनाव, और झेलम पञ्जाब में, वेतवा, काली सिंध मध्यभारत में, घाघरा, गोमती, रामगङ्गा, राप्ती, सोन, केन, काली नदी आदि संयुक्त प्रदेश में, महानदी, कावेरी दक्षिण में और इरावती ब्रह्मा में हैं।

झील— काश्मीर में,
सांभर राज. उड़िसा में,
कालर उत्तरी अर्काट में और लुनार बरार में है।

आबहवा—आबहवा के लिहाज से यह देश गर्म देशों में गिना जाता है। पर यहाँ पर हर प्रकार की आबहवा पाई जाती है। पर्वतों पर सर्द, नदियों के किनारे गर्म, और समुद्र के नजदीक मातदिल आबहवा है।

मुख्य पैदावारी—चावल, गेहूँ, जौ, गन्ना, तिल, रुई, सन, चाय, अफीम, सिनकोना, नील, रेशम, लौंग, इलायची, काली मिर्च, आदि यहाँ की पैदावार है। साग और फल भी यहाँ बहुतायत से होते हैं।

खनिज पदार्थ—हीरा, सोना, टीन, लोहा, कोयला, मैंगनीज,

संगमरमर, नमक, मिट्टी का तेल, तांबा, सीसा
खाने हैं।

रेलवे—हिन्दुस्थान में मुख्य २ रेलवे लाईन

ईस्ट इण्डियन रेलवे—(E. I. R.) इसकी मु
कत्ता से कालका तक गई है। इस लाईन पर
हवड़ा, वर्द्धमान, पटना, इलाहाबाद, कानपूर,
गढ़, गाज़िया बाद, दिल्ली, अम्बाला आदि हैं।

इसकी और भी छोटी छोटी शाखाएँ हैं।

अवध रुहेलखंड रेलवे—(O. R. R.) मुगलसर
पुर तक जाती है। इस लाईन पर मुख्य मुख्य
रायबरेली, लखनऊ, हरदोई, बरेली मुरादाबा
इसकी भी कई शाखाएँ हैं।

नार्थ वेस्टर्न रेलवे—(N. W. R.) यह लाईन
लाहौर और पेशावर तक गई है। इसके किनारे
मेरठ, सहारनपुर, अमृतसर, लाहौर मुल्तान, पेश
आदि हैं। इसकी और भी शाखाएँ हैं।

ग्रेट इण्डियन पेनिनसुला रेलवे—(G. I. P.)
लाईन कोई नहीं है। तीन चार बड़ी २ शाखाएँ हैं।
बम्बई मनमाड़, खँडवा, भोपाल, उज्जैन, दिल्ली आ

बम्बई बरोदा व सेन्ट्रल इण्डिया रेलवे—बम्बई से
जाती है। यह बड़ी लाईन है। इसकी छोटी लाईन
अहमदाबाद से दिल्ली को जाती है। इसके किनारे
बम्बई, बड़ोदा, सूरत, गोद्रा, रतलाम, भवानीगंज, को
अजमेर, जयपुर, अहमदाबाद आदि हैं।

मत—यों तो हिन्दुस्थान में सैकड़ों पंथ और मत म

पर मुख्य ये हैं, हिन्दू, बौद्ध, जैन, सिख मुसलमान, ईसाई आदि।

हिन्दुओं के प्रसिद्ध तीर्थ स्थान—बनारस, इलाहाबाद, अयोध्या, चित्रकूट, हरिद्वार, बद्रीनाथ, केदारनाथ, हृषीकेश, मथुरा, वृन्दावन, विन्ध्याचल, गया, जगन्नाथ पुरी, बैजनाथ, कुरुक्षेत्र, नगरकोट, पुष्कर, द्वारका, नासिक, गिरनार, रामेश्वर, कांचीवरम, मदुरा, उज्जैन, आदि हैं।

जैनियों के प्रसिद्ध तीर्थ स्थान—सम्मेद शिखर, गिरनार, चम्पापुरी, पावापुरी, कैलाश, आबू, जैनबद्री, मूलबद्री, बनारस, चन्द्रपुरी, पारसनाथ, सिद्धवर कूट, मक्सी पार्श्वनाथ, महावीर जी, रिषभदेव जी, आदि हैं।

कपड़े बुनने के कारखाने—कलकत्ता, बम्बई, मद्रास, कनानौर, इन्दौर, अहमदाबाद, भड़ौच, ब्यावर, नागपुर, कानपुर, धारीवाल बनारस आदि हैं।

प्रसिद्ध किले—कलकत्ता, मद्रास, बम्बई, इलाहाबाद, देहली आगरा, भरतपुर, मुलतान, चित्तौड़, अटक, ग्वालियर, जैपुर, चुनार आदि हैं।

प्रसिद्ध शहर मय प्रसिद्धि के

कलकत्ता—भारतवर्ष का सब से बड़ा नगर है। यहां काली देवी का प्रसिद्ध मन्दिर है। विश्वविद्यालय, अजायबघर, टकसाल हाईकोर्ट आदि देखने लायक स्थान हैं, यह जहाजों का बड़ा स्टेशन है। बाहर से बहुत माल यहां आता है। यहां कागज के कारखाने भी हैं।

इलाहाबाद—हाथी दांत पर नक्काशी का काम और रेशमी कपड़ों के लिये प्रसिद्ध है।

संगमरमर, नमक, मिट्टी का तेल, तांबा, सीसा, गंधक आदि
खानें हैं।

रेलवे—हिन्दुस्थान में मुख्य २ रेलवे लाइन निम्नाङ्कित
ईस्ट इण्डियन रेलवे—(E. I. R.) इसकी मुख्य लाइन
कत्ता से कालका तक गई है। इस लाइन पर मुख्य स्टे
हवड़ा, वर्दमान, पटना, इलाहाबाद, कानपूर, इटावा, अ
गढ़, गाज़ियाबाद, दिल्ली, अम्बाला आदि हैं।

इसकी और भी छोटी छोटी शाखाएँ हैं।

अवध रुहेलखंड रेलवे—(O. R. R.) मुगलसराय से सहार
पुर तक जाती है। इस लाइन पर मुख्य मुख्य शहर-बनारस
रायबरेली, लखनऊ, हरदोई, बरेली मुरादाबाद आदि हैं
इसकी भी कई शाखाएँ हैं।

नार्थ वेस्टर्न रेलवे—(N. W. R.) यह लाइन देहली से
लाहौर और पेशावर तक गई है। इसके किनारे मुख्य शहर—
मेरठ, सहारनपुर, अमृतसर, लाहौर मुल्तान, पेशावर, करांची
आदि हैं। इसकी और भी शाखाएँ हैं।

ग्रेट इण्डियन पेनिनसुला रेलवे—(G. I. P.) इसकी लम्बी
लाईन कोई नहीं है। तीन चार बड़ी २ शाखाएँ हैं। इसके किनारे
बम्बई मनमाड़, खँडवा, भोपाल, उज्जैन, दिल्ली आग्रा आदि हैं।

बम्बई बरोदा व सेन्ट्रल इण्डिया रेलवे—बम्बई से दिल्ली तक
जाती है। यह बड़ी लाईन है। इसकी छोटी लाईन भी है जो
अहमदाबाद से दिल्ली को जाती है। इसके किनारे वाले शहर
बम्बई, बड़ोदा, सूरत, गोद्रा, रतलाम, भवानीगंज, कोटा, मथुरा
अजमेर, जयपुर, अहमदाबाद आदि हैं।

मत—यौं तो हिन्दुस्थान में सैकड़ों पंथ और मत मतान्तर हैं

पर मुख्य ये हैं, हिन्दू, बौद्ध, जैन, सिख मुसलमान, ईसाई आदि।

हिन्दुओं के प्रसिद्ध तीर्थ स्थान—बनारस, इलाहाबाद, अयोध्या, चित्रकूट, हरिद्वार, बद्रीनाथ, केदारनाथ, हृषीकेश, मथुरा, वृन्दावन, विन्ध्याचल, गया, जगन्नाथ पुरी, वैजनाथ, कुरुक्षेत्र, नगरकोट, पुष्कर, द्वारका, नासिक, गिरनार, रामेश्वर, कांचीवरम, मदूरा, उज्जैन, आदि हैं।

जैनियों के प्रसिद्ध तीर्थ स्थान—सम्मेद शिखर, गिरनार, चम्पा पुरी, पांवापुरी, कैलाश, आबू, जैनबद्री, मूलबद्री, बनारस, चन्द्रपुरी, सारनाथ, सिद्धवर कूंट, मक्शी पार्श्वनाथ, महावीर जी, रिषभदेव जी, आदि हैं।

कपड़े बुनने के कारखाने—कलकत्ता, बम्बई, मद्रास, कतानौर, इन्दौर, अहमदाबाद, भड़ौंच, ब्यावर, नागपुर, कानपुर, धारीवाल बनारस आदि हैं।

प्रसिद्ध क़िले—कलकत्ता, मद्रास, बम्बई, इलाहाबाद, देहली आगरा, भरतपुर, मुलतान, चितौड़, अटक, ग्वालियर, जैपुर, चुनार आदि हैं।

प्रसिद्ध शहर मय प्रसिद्धि के

कलकत्ता—भारतवर्ष का सब से बड़ा नगर है। यहां काली देवी का प्रसिद्ध मन्दिर है। विश्वविद्यालय, अजायबघर, टकसाल हाईकोर्ट आदि देखने लायक स्थान हैं, यह जहाज़ों का बड़ा स्टेशन है। बाहर से बहुत माल यहाँ आता है। यहाँ कागज़ के कागज़ के कारखाने भी हैं।

मुर्शिदाबाद—हाथी दांत पर नक्काशी का काम और रेशमी कपड़ों के लिये प्रसिद्ध है।

पटना—गंगा के किनारे है। पुराने समय में मौर्य वंश औ गुप्तवंश की राजधानी था। यहा नील और शोरे का बहुत व्याप होता है।

गया—यह हिन्दू और बौद्धो का तीर्थ स्थान है। यहाँ बौ गया का मन्दिर है। उसमें की मूर्ति बड़ी ही अच्छे देखने लायक है

अलाहाबाद—गंगा व यमुना नदियों के संगम पर बस हुआ है। यह हिन्दुओं का प्रसिद्ध तीर्थ स्थान है। इसक दूसरा नाम प्रयाग भी है। यहाँ हर १२ साल में एक बहुत बड़ा मेला पड़ता है। यहां किला अशोक स्तंभ, युनिवहरसिटी मेयोहाल आदि दर्शनीय वस्तुएँ हैं।

कानपुर—गंगा के किनारे है। चमड़ा चीनी, और कपड़े के के कारखाने हैं। अनाज की बड़ी मन्डी है। मेमोरियल देखने लायक है। यहां ऊनी कपड़े का कारखाना है।

बनारस—इसका दूसरा नाम काशी है। हिन्दुओं का प्रसिद्ध तीर्थ स्थान है। रेशमी साड़ी, डुपट्टे, कीमखाब, तांबे पीतल के बर्तन बहुत प्रसिद्ध है। यह संस्कृत विद्या का केन्द्र स्थान है। हिन्दू विश्वविद्यालय देखने लायक है।

झांसी—यहां के ऊनी गलीचे बहुत मशहूर हैं।

देहरादून—यहाँ के चांवल और चाय बहुत मशहूर है। जंगलात का कालेज और फौजी कालेज मशहूर हैं। यही से मन्सूरी जाने का रास्ता है।

अलीगढ़—यहाँ ताले अच्छे बनते हैं। यह मुसलिम युनिवर्सिटी के लिये मशहूर है।

मुरादाबाद—रामगंगा के किनारे पर बसा हुआ है। यहां नक़्क़ाशी और कलई बहुत अच्छी होती है।

लखनऊ—नवाबों के समय में अवध की राजधानी थी।

यहाँ पर गोट, चिकन का काम अच्छा होता है। छत्र मंज़िल मेडिकल कॉलेज, युनिवर्सिटी, इमामबाड़े एवम् भूल भूलैयाँ देखने योग्य हैं।

लाहौर—रावी नदी पर बसा हुआ है। यहाँ युनिवर्सिटी के बहुत से कालेज हैं। मेडिकल कालेज, रेल्वे वर्कशाप महाराज रणजीत सिंह का मकबरा, और हाईकोर्ट आदि देखने लायक हैं।

अमृतसर—सिक्खों का तीर्थ स्थान है। यहाँ के दुशाले और गलीचे बहुत मशहूर हैं। सोने का मन्दिर देखने लायक बना है

रावल पिंडी—पंजाब की बड़ी छावनी है। यहाँ मेवे और ऊनी कपड़े की बहुत तिजारत होती है। काश्मीर जाने का रास्ता यहीं से है।

देहली—यमुना नदी के किनारे हिन्दुस्थान की राजधानी है। प्राचीन समय में भी यह हिन्दुओं की राजधानी रही थी। उस समय इसका नाम इन्द्रप्रस्थ था। इस शहर पर कई जातियों का अधिपत्य रहा। यहाँ गोटा, सोना, चाँदी, और हाथी दाँत का काम बहुत अच्छा होता है। यहाँ किला, कुतुब मीनार, हुमायूँ का मकबरा आदि देखने योग्य हैं।

कानपुर—प्राचीन समय में कोसला की राजधानी थी। बड़ा व्यापारिक स्थान है। यहाँ के कपड़ों के कारखाने हैं। यहाँ के सामान बहुत मशहूर हैं।

जबलपुर—व्यापारिक स्थान है। संगमरमर की चीज़ें अच्छी बनती हैं। शीशे और मिट्टी के बर्तन के कई कारखाने हैं।

बम्बई—यह हिन्दुस्थान का सबसे बड़ा और व्यापारिक बन्दरगाह है। यहाँ रेलवे स्टेशन, युनिवर्सिटी, ताजमहल होटल, आदि देखने योग्य है। विलायत जाने का रास्ता यहीं से है।

हिन्दुस्थान भर में सबसे सुन्दर शहर है। यहाँ समुद्र के किनारे चौपाटी का दृश्य बड़ा ही सुन्दर है।

अहमदाबाद—यहाँ पर रूई, रेशम और चमड़े के कारखाने हैं। इण्डियन नेशनल कांग्रेस का ३५वाँ वार्षिकोत्सव यहीं पर हुआ था। इस उत्सव के बराबर अभी तक कोई कांग्रेस नहीं हुई। महात्मागांधीजी का सत्याग्रहआश्रम यहाँ से कुछ दूर पर साबरमती नामक स्थान में है।

भड़ोंच—कपड़े के बहुत कारखाने हैं। नर्मदा नदी पर प्रसिद्ध बन्दर शाह है।

पूना—यहाँ की आब हवा अच्छी है। यहाँ फर्ग्यूसन कालेज देखने योग्य है।

मद्रास—हिन्दुस्थान में तीसरे नम्बर का शहर है। यहाँ जहाजी व्यापार बहुत होता है। यहाँ से रुई, कहवा, चमड़ा, चाय, चावल, मसाले अन्य देशों को जाते हैं। यहाँ का किला, हाइकोर्ट, तथा युनीवर्सिटी देखने लायक है।

ट्रावनकोर—मलाबार किनारे पर स्थित है। पानी बहुत बरसता है। चावल, नारियल, मसाले, आबनूस बहुतायत से होते हैं।

अजमेर—प्राचीन समय में पृथ्वीराज की राजधानी थी। यहाँ राजाओं के लड़कों के लिये कालेज है। ख्वाजासाहब की दरगाह देखने लायक है। यहाँ शाहजहाँ बादशाह के बनाए हुए कई मकान हैं। ढाई दिन का झोपड़ा और आनासागर भी देखने लायक है।

श्रीनगर—(काश्मीर) झेलम नदी के किनारे पर स्थित है। यहाँ का प्राकृतिक दृश्य देखने योग्य है। लोग इसे हिन्दुस्थान का स्वर्ग भी कहते हैं। यहाँ ऊनी कपड़े, कालीन और शाल अच्छे होते हैं।

राणाओं की राजधानी थी। महारानी पद्मिनी जो इतिहास प्रसिद्ध हैं यहीं की थी।

ग्वालियर—सिंधिया महाराज की राजधानी है। व्यापारि स्थान है। यहाँ का पुराना किला मशहूर है।

उज्जैन—यह बहुत प्राचीन नगर है। हिन्दुओं का ती स्थान है। यहाँ भर्तृहरि की गुफा देखने लायक है।

इन्दौर—होल्कर महाराज की राजधानी है। व्यापार क मुख्य स्थान है। यहाँ की रौनक देखते ही बनती है। यह डेली कालेज, होलकर कालेज, क्रिश्चियन कालेज, शिवाजी रा हाई स्कूल, जैन हाई स्कूल, लालबाग, हवाई महल, राजमहल घंटाघर, महल बाड़ा आदि देखने लायक है। यहाँ कपड़े बुनने के ६ मिल्स हैं यहाँ से पास ही राऊ में एक ग्लास का कारखाना है।

भोपाल—मुसलमानी राज्य है यहाँ का राज्य यहाँ की रानी साहबा करती हैं। यहाँ पर बहुत बड़ा तालब है जो देखने लायक है।

पन्ना—यहाँ हीरे और पन्ने की खाने हैं।

प्राचीन काल में जब मानवीय सभ्यता का पूर्ण विकास नहीं हुआ था इतिहास लिखने की प्रथा न थी। भारतवर्ष में भी पुराण प्रथा तो बहुत प्राचीन काल से चली आती है पर इतिहास लिखने की प्रथा यहाँ पर भी न थी। इस पद्धति का प्रथम पुरस्कर्ता यूनानी विद्वान "हिरोडोटस" माना जाता है।

यहाँ पर इस बात का खयाल रखना चाहिए कि सन्, तिथियों और नामों का ज्ञान करा देने से, अथवा अरेबियन नाइट्स की तरह किस्से सुना देने ही से प्राचीन इतिहास शास्त्र का ज्ञान पूरा नहीं हो जाता। इतिहास उन कारणों की उन परिस्थितियों की खोज करता है जिनके फ़ेर में पड़ कर जातियाँ गुलाम हो जाती हैं, समाज नष्ट भ्रष्ट हो जाते हैं, सिंहासन उलट जाते हैं और साम्राज्य बिखर जाते हैं। वास्तविक इतिहास वही है जिसके अन्तर्गत समाज शास्त्र, मानसशास्त्र और राजनीति शास्त्र का निचोड़ आ गया हो।

भारतीय इतिहास का अध्ययन

निरन्तर की गम्भीर खोज के पश्चात् भारतवर्ष का इतिहास अब तक बौद्ध काल के समीप पहुँचा है। प्रारम्भ ही में हम यहाँ की सामाजिक व्यवस्था को बिगड़ी हुई देखते हैं बुद्ध और महावीर के पहले यहाँ पर ब्राह्मणों ने बड़ा तहलका मचा दिया था। स्वार्थ के वशीभूत होकर उन्होंने मनमानी व्यवस्थाएँ बना ली थीं। शूद्रों के अधिकार पैरों तले कुचल दिये थे। यहाँ तक कि यदि कोई शूद्र भूल से भी वेद मंत्र को सुन लेता तो उसके कानों में कीले ठोंक दिये जाते थे। यज्ञ की पवित्र वेदी निरपराध पशुओं के खून से लाल कर दी जाती थी। प्रत्येक यज्ञ में हजारों पशु तलवार के घाट से उतार दिये जाते थे।

इतिहास कहता है कि समाज के अन्दर जब ऐसी भयङ्कर स्थिति आती है तब उस स्थिति का प्रतिरोध करने के लिये अवश्य किसी ज़बर्दस्त क्रान्ति का उदय होता है।

इसी नियमानुसार आगे जाकर हमें इस अत्याचार के विरुद्ध दो ज़बर्दस्त क्रान्तियाँ उठती हुई देख पड़ती हैं। पहली बौद्ध धर्म की और दूसरी जैनधर्मकी। इन दोनों क्रान्तियों के नेता बुद्ध और महावीर इन अत्याचारों के विरुद्ध ज़ोरदार आवाज़ उठाते हैं। इस नोकीली चोट से समाज चौंकता है, ब्राह्मणों के अत्याचार बन्द होकर ब्राह्मण धर्म का लोप होने लगता है और उसके स्थान में बौद्ध और जैन दोनों शान्तिप्रिय धर्मों का उदय होता है।

फिर भी देश की राजनैतिक स्थिति में विशेष अन्तर नहीं आता। वही बिखरे हुए छोटे छोटे राज्य स्थान २ पर मिलते हैं। पर इतने ही में कुदरत के कानून से एक विशेष घटना घटती है। मगध का राजा नन्द अपने दासी पुत्र चन्द्रगुप्त* को निकाल देता है। यह चन्द्रगुप्त जाकर कुटिल ब्राह्मण चाणक्य की सहायता लेता है। यह ब्राह्मण अपनी कुटिल नीति के बल से महानन्द को समूल नष्ट कर देता है और भाग्य के फेर से वही चन्द्रगुप्त मगध के राजसिंहासन पर आरूढ़ होता है।

भारत के राजनैतिक रङ्गमञ्च का एक सीन बदलता है। वह (भारत) उसमें एक ऐसा दृश्य देखता है जो शायद इससे पहले

---

* [illegible]

